No. of Page : 4 नामांक ROLL NO. P - 31
No. of Q. : 17

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा - 2018-19

## Class-X

Time : 3¼ Hrs. विषय - हिन्दी MM. : 70

### खण्ड - 1

नोट :- 1. सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
2. जिन प्रश्नों के आंतरिक खण्ड हैं उन सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही लिखें।

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

यदि मनुष्य और पशु के बीच कोई अन्तर है तो केवल इतना कि मनुष्य के भीतर विवेक है और पशु विवेकहीन है। इसी विवेक के कारण मनुष्य को यह वोध रहता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा? इसी विवेक के कारण मनुष्य यह समझ पाता है कि केवल खाने-पीने और सोने में ही जीवन का अर्थ और इति नहीं। केवल अपना पेट भरने से ही जगत के सभी कार्य सम्पन्न नहीं हो जाते और यदि मनुष्य का जन्म मिला है तो केवल इसी चीज का हिसाब रखने के लिए नहीं कि इस जगत ने उसे क्या दिया है और न ही यह सोचने के लिए कि यदि इस जगत ने उसे कुछ नहीं दिया तो वह इस संसार के भले के लिए कार्य क्यों करे? मानवता का बोध कराने वाले इस गुण 'विवेक' की जननी का नाम 'शिक्षा' है। शिक्षा जिससे अनेक रूप समय के परिवर्तन के साथ इस जगत में बदलते रहते हैं, वह जहाँ कहीं भी विद्यमान रही है सदैव अपना कार्य करती रही है, यह शिक्षा ही है जिसकी धुरी पर यह संसार चलायमान है। विवेक से लेकर विज्ञान और ज्ञान की जन्मदात्री शिक्षा ही तो है। शिक्षा हमारे भीतर विद्यमान वह तत्त्व है जिसके बल पर हम बात करते हैं, कार्य करते हैं, अपने मित्रों और शत्रुओं की सूची तैयार करते हैं, उलझनों को सुलझनों में बदलते हैं। असल में सीखने और सिखाने की प्रक्रिया को ही 'शिक्षा' कहते हैं। शिक्षा उन तथ्यों को तथा उन तरीकों का ज्ञान कराती है जिन्हें हमारे पूर्वजों ने खोजा था- सभ्य तथा सुखी जीवन बिताने के लिए। आज हम सुखी जीवन बिताना चाहते हैं तो हमें उन तरीकों को सीखना होगा, उन तथ्यों को जानना होगा जिन्हें जानने के लिए हमारे पूर्वजों ने निरन्तर सदियों तक शोध किया है। यह केवल शिक्षा के द्वारा ही सम्भव है।

(क) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1
(ख) मनुष्य और पशु में क्या अन्तर है? 1
(ग) विवेक से किसका बोध होता तथा उसका जन्म कैसे होता है? 1
(घ) 'विज्ञान' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द लिखिए। 1

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश
पल पल परिवर्तित प्रकृति-वेश!
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्त्र-दृग सुमन फार
अवलोक रहा है बार-बार





नीचे जल में निज महाकार
जिसके चरणों में पड़ा ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल!
गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों से सुन्दर
झरते है झाग भरे निर्झर

(क) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1
(ख) पर्वत का आकार कैसा है? 1
(ग) पर्वत अपने सहस्त्र नैत्रों से क्या देख रहा है? 1
(घ) 'पल पल परिवर्तित प्रकृति-वेश' में निहित अलंकार का नाम लिखिये। 1

### खण्ड - 2

3. निम्न बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए- 6

(अ) बेरोजगारी : समस्या तथा समाधान
(i) प्रस्तावना
(ii) बेरोजगारी बढ़ने के कारण
(iii) बेरोजगारी के दुष्परिणाम
(iv) बेरोजगारी दूर करने के उपाय
(v) उपसंहार

(ब) आदर्श विद्यार्थी जीवन -
(i) प्रस्तावना
(ii) विद्यार्थी जीवन का आदर्श
(iii) विद्यार्थी जीवन के उद्देश्य
(iv) विद्यार्थियों से देश व समाज की अपेक्षाएँ
(v) उपसंहार

(स) पर्यावरण संरक्षण : हमारा दायित्व
(i) पर्यावरण का अर्थ
(ii) पर्यावरण प्रदूषण के कारण
(iii) पर्यावरण प्रदूषण का दुष्परिणाम
(iv) प्रदूषण निवारण के उपाय
(v) उपसंहार

(द) शिक्षित नारी की भागीदारी-
(i) प्रस्तावना
(ii) नारी की स्थिति
(iii) नारी शिक्षा का महत्व
(iv) शिक्षित नारी की भूमिका
(v) उपसंहार

4. स्वयं को सुधीर शर्मा रा.उ.मा.वि. रोहट का विद्यार्थी मानते हुए प्रधानाचार्य को विद्यालय में पेयजल व्यवस्था में सुधार हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 4

अथवा

स्वयं को बगड़ी नगर का पुस्तक विक्रेता जयपाल गुप्ता मानते हुए गीता प्रेस, गोरखपुर को एक पत्र लिखिए, जिसमें धार्मिक पुस्तकें खरीदने की माँग हो।

खण्ड - 3

5. (अ) 'तनिषा समाचार पत्र पढ़ रही है' वाक्य में कौनसी क्रिया है? उसकी परिभाषा लिखिए। 1

(ब) 'दो सौ ग्राम चीनी लाओ' वाक्य में निहित विशेषण का नाम बताते हुए परिभाषा लिखिए। 1

6. 'पेड़ पर पक्षी बैठा है'। वाक्य में निहित कारक, काल व वाच्य लिखिए। 3

7. निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए- 2

(i) पशु-पक्षी (ii) नवरात्र

8. निम्न वाक्यों को शुद्ध करते हुए पुन: लिखिए- 2

(i) प्रात:काल के समय घूमना चाहिए।

(ii) सुश्री कमला के पति शिक्षक हैं।

9. निम्नलिखित मुहावरा एवं लोकोक्ति का अर्थ लिखिए- 2

(i) तूती बोलना (ii) चोर की दाढ़ी में तिनका

खण्ड - 4

10. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

ईर्ष्या का यही अनोखा वरदान है। जिस मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या घर बना लेती है, वह उन चीजों से आनन्द नहीं उठाता जो उसके पास मौजूद है, बल्कि उन वस्तुओं से दु:ख उठाता है जो दूसरों के पास है। वह अपनी तुलना में अपने पक्ष के सभी अभाव उसके हृदय पर दंश मारते हैं। दंश के इस दाह को भोगना कोई अच्छी बात नहीं है। मगर ईर्ष्यालु मनुष्य करे भी तो क्या? आदत से लाचार होकर उसे वह वेदना भोगनी ही पड़ती है।

अथवा

मध्य कालीन भक्ति साहित्य में महान समाज सुधारक संत पीपा ने अपनी वाणी और विचारों से जहाँ एक ओर बाह्यडम्बरों का विरोध, रूढ़ि परम्पराओं का विरोध, दुर्व्यसनों का विरोध इत्यादि किया, वहीं दूसरी ओर निर्गुण, निराकार परम ब्रह्म की भक्ति कर संत काव्य धारा में अपनी उपस्थिति से हिन्दी साहित्य के पूर्व मध्यकाल को गौरवान्वित किया। ये एक ऐसे सन्त कवि थे जिन्होंने भक्ति और समाज सुधार का अद्भुत रूप सामने रखा है। कबीर की मान्यताओं को भक्ति प्रतिष्ठा के लिए सार्थक बताया है।

11. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

उषा की लाली में
अभी से गए निखर
हिम गिरी के कनक शिखर
आगे बढ़ा शिशु-रवि
बदली छवि, बदली छवि
देखता रह गया अपलक कवि



डर था, प्रति पल
अपरूप यह जादुई आभा
जाए न बिखर, जाए न बिखर-

अथवा

माँ ने कहा, पानी में झाँक कर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बन्धन है, स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की-जैसी दिखाई मत देना

12. ईदगाह कहानी के प्रमुख पात्र हामिद के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5

अथवा

"स्त्री शिक्षा अनर्थ का कारण होती है।" स्त्री शिक्षा के विरोधियों के इस कथन के बारे में द्विवेदी जी ने क्या कहा है?

13. 'लक्ष्मण-परशुराम संवाद' का कथा सार अपने शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

कृपाराम खिड़िया द्वारा रचित 'सोरठों' के आधार पर वाणी के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में दीजिए-

(अ) एक अद्भुत अपूर्व स्वप्न पाठ के आधार पर लेखक ने देवालय बनाने का विचार क्यों त्याग दिया? 2

(ब) सूर्यास्त के समय समुद्र का पानी किन विविध रंगों में परिवर्तन हुआ? 2

(स) दादू ने अपने शिष्यों को क्या शिक्षा दी? 2

(द) 'प्रकृति पद्मनी के अंशुमाली' से कवि का क्या अभिप्राय है? 2

(य) कृष्ण ने एक झलक में ही गोपियों का मन कैसे वश में कर लिया? 2

(छ) 'मातृ-वन्दना' कविता के अनुसार कवि माँ के चरणों में क्या-क्या समर्पित करना चाहता है? 2

15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(अ) सागर मल गोपा द्वारा रचित पुस्तक कौनसी है? 1

(ब) सन्त पीपा किसके घोर विरोधी और निन्दक थे? 1

(स) बिना हिम्मत वाले व्यक्ति की समाज में क्या दशा होती है? 1

(द) 'निबल अनल' से क्या तात्पर्य है? 1

16. निम्न रचनाकारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए- 4

(i) प्रेमचन्द (ii) सूरदास

17. सड़क दुर्घटना के सम्भावित कारण क्या है? इन्हें रोकने के उपाय बताइए। 3

❖❖❖